# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

## शुद्धिपत्र क्रमांक 02/03/2018, दिनांक 06.07.2018

### सह प्राध्यापक

**के पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन की लिंक पुन: प्रारम्भ करने तथा अभिलेख प्रेषण की प्रक्रिया के संबंध में**

| ऑनलाइन आवेदन अवधि | अभिलेखों सहित आयोग कार्यालय में आवेदन-पत्र जमा |
|---|---|
| दिनांक **07.07.2018** से **31.07.2018** तक | करने की अंतिम तिथि 16.08.2018 (सायं 5:30 बजे तक) |

01 आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के अंतर्गत **डा. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू** हेतु **विभिन्न विषयों के सह प्राध्यापकों** (Associate Professors) के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 03/2018, दिनांक **03.05.2018** आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है तथा **"रोजगार और निर्माण"** समाचार पत्र के दिनांक **07.05.2018** के अंक में प्रकाशित किया गया है। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि **14.06.2018** थी।

02 उक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की लिंक पुन: प्रारम्भ की जा रही है। आवेदन प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी :-

1. अभ्यर्थी दिनांक **07.07.2018** से **31.07.2018** तक **www.mponline.gov.in, www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर आवेदन भर सकेंगें। ऑनलाइन आवेदन-पत्रों में दिनांक **12.07.2018** से **02.08.2018** तक त्रुटि सुधार किया जा सकेगा। ऑफलाइन आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगें। 1
2. ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ कोई अभिलेख अपलोड नहीं करना है। ऑनलाइन आवेदन-पत्र में केवल यह उल्लेख करना है कि ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ आयोग को भेजे जाने वाले कौन- कौन से अभिलेख है तथा उनकी पृष्ठ संख्या की जानकारी से संबन्धित प्रपत्र की हस्ताक्षरित प्रति भी ऑनलाइन आवेदन -पत्र के साथ अपलोड करना आवश्यक है।
3. ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने के बाद उसके प्रिंट-आउट के साथ अपनी अभिलेख सूची तथा अर्हता से संबधित अभिलेखों (जिनकी पृष्ट संख्या वही होनी चाहिए जो अभ्यर्थी ने ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अपलोड प्रपत्र में उल्लेखित की है) को संलग्न कर दिनांक 16.08.2018 (सायं 5:30 बजे तक) आयोग कार्यालय में जमा करायें। अभ्यर्थी ऑनलाइन भरे हुये आवेदन-पत्र का प्रिंट-आउट तथा अर्हता के अभिलेख डाक से भी प्रेषित कर सकते है किन्तु **डाक आदि के विलंब हेतु आयोग उत्तरदायी नहीं रहेगा तथा केवल उक्त निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक प्राप्त आवेदन-पत्रों पर ही विचार किया जाएगा।**

03 जो अभ्यर्थी पूर्व में ऑनलाइन आवेदन कर चुके है वे कृपया पुन: आवेदन न करें।

04 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

सचिव